उ.प्र.लघु उद्योग निगम लि.

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

110, औद्योगिक आस्थान, फजलगंज, कानपुर-208 012

फोनः 0512-2241622, 2236642, फैक्सः 0512-2213974

उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. में तकनीकी व लेखा संवर्ग में निम्न पदों पर अनुभवी एवं कार्यकुशल अधिकारी जो केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/पी.एस.यू. में कार्यरत/सेवानिवृत्त हैं, से प्रतिनियुक्ति/संविदा पर आवेदन आमंत्रित है-

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	वेतनमान
1	अधिशाषी अभियन्ता-सिविल	4	रू. 15600-39100 पे बैण्ड रू. 6600.00
2	प्रबन्धक-लेखा	2	रू. 15600-39100 पे बैण्ड रू. 5400.00
3	सहायक प्रबन्धक-लेखा	4	रू. 9300-34800 पे बैण्ड रू. 4200.00

आवेदन की अन्तिम तिथि : 29.02.2024

रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लि. को यह अधिकार होगा कि चयनित अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार कर ले जिससे आवश्यकतानुसार पैनल से अभ्यर्थियों को चयनित किया जा सके। उपरोक्त विज्ञापन का विस्तृत विवरण एवं अभ्यर्थियों के लिए पात्रता मापदण्ड एवं नियम व शर्तें निगम की वेबसाइट **www.upsic.in** पर उपलब्ध हैं। जो अभ्यर्थी प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करेंगे वे अपने आवेदन को उचित माध्यम से अपने विभागाध्यक्ष से विगत पांच वर्ष की वार्षिक मूल्यांकन आख्या, अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा विजिलेन्स क्लियरेन्स सर्टिफिकेट सहित अग्रसारित कराते हुए प्रेषित करेंगे। सेवानिवृत्त अधिकारी जो पूर्व में राजकीय सेवा में सन्तोषजनक रूप से कार्य कर चुके हैं, वे उपरोक्त पदों हेतु संविदा के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। यदि उपरोक्त विज्ञापन में कोई परिवर्तन होता है तो, वह निगम की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा। अधूरे आवेदन पत्र तथा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रबन्ध निदेशक

अभ्यर्थियों के लिए पात्रता मापदण्ड एवं नियम व शर्तेः–

आवेदनकर्ताओं हेतु शैक्षिक योग्यता, पात्रता मापदण्ड एवं आवश्यक अनुभव निम्नानुसार होंगे :–

क0 सं0	पद का नाम	शैक्षिक योग्यता	पात्रता मापदण्ड एवं आवश्यक अनुभव
1	अधिशाषी अभियन्ता –सिविल	सिविल अभियन्त्रण में स्नातक की उपाधिएवं कार्य में 7 वर्ष का अनुभव अथवा सिविल अभियन्त्रण में डिप्लोमा एवं कार्य में 17 वर्ष का अनुभव।	आवेदनकर्ता पे–बैण्ड रू 15600 से 39100 ग्रेड पे रू 6600 पर कार्य किया हो अथवा पे–बैण्ड रू 15600 से 39100 ग्रेड पे रू 5400 पर 7 वर्ष का कार्य अनुभव रखता हो।
2	प्रबन्धक – लेखा	वाणिज्य में स्नातक की उपाधि एवं कम से कम 10 वर्ष का कार्य अनुभव।	आवेदनकर्ता पे–बैण्ड रू 15600 से 39100 ग्रेड पे रू 5400 पर 7 वर्ष कार्य किया हो
3	सहायक प्रबन्धक –लेखा	वाणिज्य में स्नातक की उपाधि एवं कम से कम 5 वर्ष का कार्य अनुभव।	आवेदनकर्ता पे–बैण्ड रू 9300 से 34800 ग्रेड पे रू 4200 पर 3 वर्ष कार्य किया हो

अनुबन्ध पर नियुक्ति का प्रारम्भिक कार्यकाल दो वर्ष का होगा जिसे सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन से 65 वर्ष की अधिकतम आयुसीमा तक बढ़ाया/घटाया जा सकता है।

प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि दो वर्ष की होगी जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अनुमेय सीमा तक आगे बढ़ाया जा सकता है।

अनुबन्ध/प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयनित अधिकारियों की शर्तें और वेतन/पारिश्रमिक समय–समय पर निगम द्वारा संशोधित नियमों के अनुसार होगा।

अनुबन्ध के आधार पर चयन के मामले में अधिकारियों को पारिश्रमिक का भुगतान उनके द्वारा आहरित अन्तिम वेतन में से पेंशन घटाते हुए निर्धारित किया जायेगा।

सेवारत अधिकारियों में मामले में उनका आवेदन उचित माध्यम से निम्नलिखित प्रपत्रों के साथ अग्रेसित किया जाना चाहिए :–

1. सम्बन्धित विभाग के मूल विभाग विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र।
2. सर्तकता क्लियरेंस, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र तथा यदि अधिकारी की सेवा के दौरान विगत 10 वर्षों में कोई दण्ड इत्यादि दिया गया हो तो उसका विवरण जिसे कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित किया गया हो।
3. पिछले पॉच वर्षों के ए0सी0आर0/ए0पी0ए0आर0 की प्रमाणित प्रतियॉ।
4. सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में जो अनुबन्ध के आधार पर आवेदन कर रहे हैं, के पेंशन भुगतान आदेश, यदि वह पेंशन योग्य सेवा पर हैं तथा विगत पॉच वर्षों के ए0सी0आर0/ए0पी0ए0आर0 की प्रमाणित प्रतियॉ।
5. अधूरे आवेदन तथा आवेदन तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

6. यदि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो उम्मीदवारों को उनकी मैरिट के आधार पर शार्टलिस्ट किया जायेगा तदोपरान्त साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया जायेगा।
7. विज्ञापन को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर बिना कोई कारण बताये किसी भी समय वापस लिया जा सकता है।
8. योग्य उम्मीदवार निगम की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक एवं भौतिक रूप से/डाक के माध्यम से निगम में समस्त प्रपत्रों सहित अपना आवेदन कर सकते हैं।
9. सेवारत अधिकारी अपने आवेदन की अग्रिम प्रति निर्धारित तिथि के अन्दर उपलब्ध करा सकते हैं जिससे उनके आवेदन पर विचार किया जा सकता है। अन्तिम चयन से पूर्व विभागाध्यक्ष से अग्रसारित समस्त वांछित प्रपत्र सहित आवेदन अनिवार्य रूप से देय होगा।

प्रबन्ध निदेशक